# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न

## 11 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### रसायन युक्त पानी की निकासी

***21 श्री लक्ष्मण सिंह यादव ( रेवाड़ी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि रसायन युक्त पानी का स्तर बढ़ने के कारण मसानी बैराज के आस-पास के 15 गांवों की भूमि की गुणवत्ता खराब हो रही है;

ख) यदि हां, तो क्या मसानी बैराज से रसायन युक्त पानी की निकासी ड्रेन नंबर-8 में करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है; तथा

ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

----

### खेल स्टेडियम का निर्माण करना

***22 श्री देवेन्द्र चतर भुज अत्री (उचाना कलां):**

क्या खेल राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या उचाना कस्बे में एक खेल स्टेडियम बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## बिजली की तारों को बदलना

***23 श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) महेंद्रगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उन जगहों का ब्यौरा क्या है जहां बिजली की तारे पुरानी तथा नीचे लटक रही हैं; तथा

ख) क्या उक्त बिजली के तारों का बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है तथा इनके कब तक बदल दिए जाने की संभावना है?

----

## नियमित लेक्चरों की नियुक्ति करना

***24 श्री राजबीर फरटिया ( लोहारू):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि भिवानी जिले के सिवानी में सेठ मेघराज जिंदल महाविद्यालय में अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी तथा समाजशास्त्र के लेक्चररों के पद रिक्त हैं तथा यहां पर विज्ञान विषय के अस्थाई लेक्चरर कार्यरत हैं; तथा

ख) यदि हां, तो उपरोक्त महाविद्यालय में उक्त विषयों के स्थाई लेक्चरों की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एक महिला महाविद्यालय खोलना

***25 श्रीमती विनेश (जुलाना):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि जुलाना विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के 73 गांवों में महिला महाविद्यालय नहीं है; तथा

ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त क्षेत्र में एक महिला महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या हैं?

----

## एक नया ई.एस.आई. अस्पताल खोलना

***26 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या श्रम मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) गत् पांच वर्षों (1 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2024 तक) में पानीपत के ई.एस.आई. अस्पताल द्वारा निजी अस्पतालों में रेफर किए गए मामलों की संख्या कितनी है तथा उसका अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है;

ख) इन पांच वर्षों में उक्त अस्पतालों को ई.एस.आई. विभाग द्वारा कितनी राशि का भुगतान किया गया है तथा उसका अस्पताल-वार तथा वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; तथा

ग) क्या पानीपत के औद्योगिक क्षेत्र में एक नया ई.एस.आई. अस्पताल खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक खोले जाने की संभावना है?

----

## नई तथा अधिक क्षमता की सीवरेज प्रणाली डालना

***27 श्री देवेंन्द्र कादियान (गन्नौर):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि जी.टी रोड से रेलवे स्टेशन की तरफ जाने वाले रास्ते तथा गन्नौर शहर में अंदर आने वाले रास्ते के साथ डली हुई निकास प्रणाली क्षतिग्रस्त अवस्था में है;

ख) यदि हां, तो क्या उक्त निकास प्रणाली के स्थान पर एक नई तथा अधिक क्षमता की सीवरेज प्रणाली स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ग) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव पर कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## स्वच्छ पीने योग्य पानी की आपूर्ति करना

***28 श्री अर्जुन चौटाला (रानिया):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उन गांवों के नाम क्या हैं जिनमें सरकार द्वारा स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की योजना लागू की गई है तथा उन गांवों के नाम क्या हैं जिनमें उक्त योजना प्रस्तावित हैं तथा उसका गांव-वार ब्यौरा क्या है;

ख) क्या पिछले 3-4 वर्षों में रानियां विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांवों के जलघरों से विभाग द्वारा पानी के नमूने लिए गए हैं; यदि हां, तो उन नमूनों की रिपोर्ट क्या है; तथा

ग) यदि नहीं, तो इसके कारणों के साथ-साथ सम्पूर्ण ब्यौरा क्या है?

----

## अवैध प्रसूति क्लीनिकों के विरुद्ध कार्रवाई करना

***29 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि जिला नूंह में बिना डिग्री व लाइसेंस के बहुत से अवैध प्रसूति क्लीनिक चलाए जा रहे हैं;

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त अवैध प्रसूति क्लीनिकों में लगातार माताओं व नवजात बच्चों की मौतें हो रही हैं;

ग) जिला नूंह में पिछले 5 वर्षों के दौरान ऐसे अवैध प्रसूति क्लीनिकों में माताओं व नवजात बच्चों की कितनी मौतें हुई हैं; तथा

घ) सरकार द्वारा अब तक ऐसे अवैध प्रसूति क्लीनिकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा सरकार द्वारा ऐसे क्लीनिकों को कब तक सील/बंद किए जाने की संभावना है?

----

## पीने के पानी के लिए सरकार द्वारा व्यवस्थाएं करना

***30 श्री पवन खरखौदा (खरखोदा):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः -

(क) खरखौदा में बढ़ती आबादी को देखते हुए वहां स्वच्छ पेयजल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्था की गई है हैं; तथा

(ख) खरखौदा में पेयजल आपूर्ति प्रणाली का विस्तार कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को रू० 2100 वितरित करना

***31 श्रीमती पूजा (मुलाना):**

क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना के तहत राज्य की महिलओं को रू० 2100 प्रति माह कब तक वितरित किए जाने की संभावना है?

----

## कोई अनाज मंडी स्थापित करना

***32 डॉ. कृष्ण कुमार (बावल):**

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या बावल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के गांव कुंड में कोई अनाज मंडी स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचारधीन है; तथा

ख) यदि हां, तो उक्त अनाज मंडी की स्थापना कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## विधार्थी छात्रवृत्ति को बंद करने के कारण

***33 श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सरकार की छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों से संबंधित छात्रों को पहले मिलने वाली छात्रवृत्ति को राज्य के महाविद्यालयों में सरकार द्वारा लगभग बंद कर दिया गया है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## पीने के पानी के लिए सरकार द्वारा बनाई गई व्यवस्थाएं

***34 श्रीमती कृष्णा गहलावत (राई):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या राई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले कुण्डली नगरपालिका क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पीने के पानी की आपूर्ति करने के लिए उचित व्यवस्थाएं करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

ख) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या हैं?

----

## राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण कार्य पूरे करना

***35 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या उच्चतर शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-

क) क्या यह तथ्य है कि गांव बस्तली, तरवाडी और बसताडा में राजकीय महाविद्यालयों के निर्माण को सरकार ने स्वीकृति दी है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) क्या यह भी तथ्य है कि उपरोक्त राजकीय महाविद्यालयों का निर्माण कार्य अभी तक अधूरा पड़ा है; यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं तथा उक्त राजकीय महाविद्यालयों का निर्माण कार्य कब तक शुरू/पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## राजकीय विद्यालय के छात्रों की संख्या कितनी है जो चिकित्सक तथा अभियंता बने हैं

*36 **श्री मनमोहन भड़ाना (समालखा):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या राज्य के गत् पांच वर्षों के दौरान राजकीय विद्यालय से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों तथा बाद में स्नातक तथा स्नातकोत्तर पूरा करने वाले विद्यार्थियों के प्रतिशत से संबधित कोई आंकड़ा सरकार के पास है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

ख) गत् 5 वर्षों के दौरान उपरोक्त विद्यार्थियों में से उन विद्यार्थियों की संख्या कितनी है जो चिकित्सक तथा अभियंता बने हैं?

----

## सिरसा में नशे के खतरे को रोकने के लिए सरकार की रणनीति

*37 **श्री गोकुल सेतिया ( सिरसा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि जिला सिरसा में पंजाब तथा राजस्थान के साथ लगते सीमावर्ती क्षेत्रों में नशा तथा दवाओं का दुरुपयोग दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है; तथा

ख) क्या जिला सिरसा में इस नशे के खतरे को रोकने के लिए सरकार द्वारा कोई रणनीति बनाई गई है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जल आपूर्ति योजना का ब्यौरा

*38 **श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोई विशेष योजना बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा यहां स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करने के लिए सरकार द्वारा क्या व्यवस्थाएं की गई हैं;

ख) कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के किन क्षेत्रों में पानी की भारी कमी है; तथा

ग) कालका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में जल आपूर्ति की परियोजनाओं के लिए कितनी राशि आबंटित की गई है तथा पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए तरीके /प्रक्रियाएं क्या हैं?

----

## राजकीय कन्या विद्यालय के भवन का विस्तार करना

***39 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी शहर के राजकीय कन्या विद्यालय में 1100 छात्राएं हैं तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बाजार के 93 छात्र भी उसी विद्यालय में बैठते हैं;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि यहाँ उपरोक्त सभी विद्यार्थियों के लिए ग्राउंड तथा पर्याप्त कमरे नहीं हैं; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका समाधान कब तक किए जाने संभावना है?

----

## नई तथा अधिक क्षमता की सीवरेज प्रणाली डालना

***40 श्री बलवान सिंह दौलतपुरिया (फतेहाबाद):**

क्या जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

क) क्या यह तथ्य है कि फतेहाबाद शहर की सीवरेज प्रणाली पुरानी तथा जीर्ण - शीर्ण हैं; तथा

ख) यदि हां, तो क्या फतेहाबाद में पुराने सीवरेज प्रणाली के स्थान पर नई तथा अधिक क्षमता की सीवरेज प्रणाली बिछाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----